**Series JBB/C**

**SET-2**

कोड नं. **4/C/2**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)

# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न–पत्र* ***चार*** *खण्डों में विभाजित किया गया है —* ***क, ख, ग*** *एवं* ***घ*** *। सभी प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***2*** *से* ***6*** *तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***7*** *से* ***11*** *तक प्रश्न पाठ्य-पुस्तकों से हैं ।*

*(v)* ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***12*** *से* ***16*** *तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर*** *लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

राष्ट्रवाद एक विचित्र वस्तु है, जो देश के इतिहास के किसी ख़ास मुकाम पर तो जीवन, उन्नति, शक्ति और एकता प्रदान कर राष्ट्र को सबल करता है, लेकिन साथ ही इसकी सीमित कर देने की प्रवृत्ति भी है क्योंकि व्यक्ति यह सोचने लगता है कि मेरा देश बाकी दुनिया से भिन्न ही नहीं, सर्वश्रेष्ठ भी है । इस तरह व्यक्ति का दृष्टिकोण बदल जाता है और वह अपने ही संघर्षों और अच्छाइयों और बुराइयों के सोच में फँसा रहता है और दूसरे विचार उसके सामने आते ही नहीं । परिणाम यह होता है कि जो राष्ट्रवाद किसी देश की उन्नति का प्रतीक होता है, वही मानसिक विकास के अवरुद्ध होने का प्रतीक भी बन जाता है । राष्ट्रवाद जब सफल होता जाता है, तो कभी-कभी यह बड़े आक्रामक तरीके से चारों तरफ फैलता है और दुनिया के लिए ख़तरा बन जाता है ।

इसके संतुलन के लिए आवश्यक है कि हम एक-दूसरे को ठीक से समझें । परस्पर मित्रता का भाव बहुत ज़रूरी है, क्योंकि मित्रता का व्यवहार करने से दूसरा भी वैसा ही व्यवहार करता है । मुझे इसमें ज़रा भी संदेह नहीं है कि यह मानव जीवन का मूल सिद्धांत है कि यदि क्रिया अच्छी होगी तो प्रतिक्रिया भी अच्छी होगी । यदि हम अपने साथी मनुष्यों या देशों को सम्मान देते हुए उनके साथ मित्र-भाव से व्यवहार करेंगे और दिल–दिमाग खोलकर हर अच्छाई को स्वीकार करेंगे तो उन्हें सही प्रकार से समझ पाएँगे । दूसरे की सोच भी बदलेगी ।

(क) राष्ट्रवाद को विचित्र वस्तु क्यों कहा है ? *2*

(ख) मानसिक विकास कैसे अवरुद्ध हो जाता है ? *2*

(ग) 'यदि क्रिया अच्छी होगी तो प्रतिक्रिया भी अच्छी होगी' – आशय स्पष्ट कीजिए । *2*

(घ) राष्ट्रवादी भावना को किस प्रकार संतुलित किया जा सकता है ? इससे क्या लाभ होगा ? *2*

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए । *1*

(च) राष्ट्रवाद दुनिया के लिए ख़तरा कैसे बन जाता है ? *1*

## खण्ड ख

**2.** 'शब्द' किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । *1*

**3.** निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) मेरा गाँव आरा से चालीस किलोमीटर की दूरी पर है । (मिश्र वाक्य में)

(ख) कहीं से एक संत आकर इस स्थान पर झोंपड़ी बनाकर रहने लगे थे । (संयुक्त वाक्य में)

(ग) अधिक खुशी होती तो ठाकुर जी के नाम अपने खेत का एक छोटा-सा टुकड़ा लिख देते । (सरल वाक्य में)

**4.** (क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास के नाम भी लिखिए : *1×2=2*

(i) माँ-बहनें

(ii) अंधविश्वास

(ख) निम्नलिखित पदों के समस्त पद बनाकर समास के नाम भी लिखिए : *1×2=2*

(i) कमल के समान नयन हैं जिसके

(ii) प्रसंग के अनुकूल

**5.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : *1×4=4*

(क) गांधी जी ने एक महिलाओं की सभा में कहा था ।

(ख) उत्तम चरित्र-निर्माण हमारा जीवन का लक्ष्य होना चाहिए ।

(ग) चोरों ने घर की दीवार पर सेंध करी ।

(घ) प्रत्येकों के पास झंडा था ।

**6.** निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए : *1×4=4*

(क) हाथ-पाँव फूल जाना

(ख) काम तमाम कर देना

(ग) चेहरा मुरझाना

(घ) जान में जान आना

## खण्ड ग

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) वज़ीर अली किस बात पर गवर्नर से चिढ़ गया और उसका गुस्सा किस पर किस तरह फूटा ? ‘कारतूस’ नाटिका के आधार पर लिखिए ।

(ख) बड़े भाई के फेल होने के बाद छोटे भाई के व्यवहार में क्या अंतर आया ?

(ग) मोनूमेंट के सामने की किस घटना को ‘ओपन लड़ाई’ कहा गया है और क्यों ? ‘डायरी का एक पन्ना’ पाठ के आधार पर लिखिए ।

(घ) तताँरा की मृत्यु के बाद वामीरो की क्या दशा हुई ?

**8.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 80 – 100 शब्दों में लिखिए :

“समाज के पास अगर शाश्वत मूल्यों जैसा कुछ है तो वह आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है ।” ‘गिन्नी का सोना’ पाठ के अनुसार इस कथन को अपने आस-पास के उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । *5*

**अथवा**

‘अब कहाँ दूसरे के दुख में दुखी होने वाले’ पाठ में समुद्र का जो शब्द-चित्र लेखक ने खींचा है, उसे अपने शब्दों में लिखिए ।

मनुष्य को प्रकृति के इस प्रकार के गुस्से से बचने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए ? *5*

**9.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 80 – 100 शब्दों में लिखिए :

मैथिलीशरण गुप्त ने मनुष्यता के लिए किन गुणों को आवश्यक बताया है ? विस्तार से लिखिए । आपकी दृष्टि में 'मनुष्यता' के लिए क्या ज़रूरी है ? क्यों ? *5*

**अथवा**

'आत्मत्राण' कविता में कवि ने प्रभु से क्या प्रार्थना की है ? यह प्रार्थना सामान्य प्रार्थना से भिन्न कैसे है ? *5*

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** के उत्तर 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) कबीर ने निंदा करने वाले को भी क्यों सराहा है ?

(ख) मीरा 'गिरिधर' के प्रति अपने प्रेम को किस प्रकार प्रकट करती हैं ?

(ग) "साल में चमकाई जाती है दो बार" – 'तोप' कविता की उक्त पंक्ति में 'दो बार' किन अवसरों के लिए आया है ? इसका आशय स्पष्ट कीजिए ।

(घ) पावस ऋतु किसे कहते हैं ? सुमित्रानंदन पंत ने इस ऋतु में पर्वत को किस रूप में चित्रित किया है ?

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 60 – 70 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) "हरिहर काका तो महंत के इस व्यवहार से जैसे आसमान से ज़मीन में आ गए थे"– महंत के 'इस व्यवहार' को विस्तार से स्पष्ट कीजिए ।

(ख) टोपी को अपनी दादी की अपेक्षा इफ़्फ़न की दादी बहुत प्रिय क्यों थी ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

## खण्ड घ

12. आपके विद्यालय में दीवाली के लिए दीए तैयार किए गए हैं । उनकी बिक्री के लिए एक विज्ञापन लगभग 25 – 50 शब्दों में तैयार कीजिए । 5

**अथवा**

प्लास्टिक के प्रयोग से बचने के लिए जनहित की दृष्टि से लगभग 25 – 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । 5

13. विद्यालय में आयोजित होने वाली 'सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता' के लिए सांस्कृतिक सचिव की ओर से 40 – 50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । 5

**अथवा**

विद्यालय द्वारा कुछ वृक्षों की पौध तैयार की गई है, जिसे नि:शुल्क वितरित किया जा रहा है ताकि लोग अपने आस-पास जगह खोजकर उसे लगा सकें । इससे संबंधित सूचना 40 – 50 शब्दों में तैयार कीजिए । 5

14. खेल के मैदान में खेल अध्यापक और विद्यार्थी के बीच हुए संवाद को लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए । 5

**अथवा**

आपको नया यूनिफॉर्म खरीदना आवश्यक हो गया है । इस विषय पर पिता और आपके बीच हुए संवाद को लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए । 5

15. स्वास्थ्य अधिकारी को 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखकर निवेदन कीजिए कि कीटनाशक और नकली रंगों से मुक्त सब्ज़ी और फल उपलब्ध करवाने के लिए मंडी में पर्याप्त जाँच की व्यवस्था करें । 5

**अथवा**

आप विद्यालय के खेल सचिव हैं । आप नवीं-दसवीं कक्षा के बीच फुटबॉल मैच आयोजित करवाना चाहते हैं, अतः उसकी अनुमति के लिए प्रधानाचार्य को 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखिए । 5

**16.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *6*

(क) बुजुर्गों के प्रति सम्मान

- अवहेलना से तात्पर्य
- क्यों ज़रूरी है सम्मान
- चेहरों की चमक कैसे लौटे

(ख) हिमपात का दृश्य

- कब, कहाँ ?
- हिमपात का सौंदर्य
- लोगों का उत्साह

(ग) जल ही जीवन है

- जल का महत्त्व
- संरक्षण
- जल-चेतना